QB365-Question Bank Software

**SET – 3**

**Series : TYM**

कोड नं.
**Code No. 4/3**

रोल नं.
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **80***
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

*(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।*
*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*
*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।*

### खंड – क

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दो में लिखिए :

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है । जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है । पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ । हँसी कितने ही कला–कौशलों से भली है । जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी । एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया । हँसी–खुशी का नाम जीवन है । जो रोते हैं उनका जीवन व्यर्थ है । कवि कहता है – ‘ज़िंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या ख़ाक जिया करते हैं ।’ मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है । उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास–से–उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है । आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को ढा सकते हैं । प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम–से–उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है । सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है ।



QB365-Question Bank Software

एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है ।

(क) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए । **1**

(ख) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है ? **2**

(ग) हेरीक्लेस और डेमाक्रीट्स के उदाहरण से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहता है ? **2**

(घ) हँसी भीतरी आनंद को कैसे प्रकट करती है ? **2**

(ङ) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया ? **2**

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में लिखिए :

मैं चला, तुम्हें भी चलना है असि धारों पर
सर काट हथेली पर लेकर बढ़ आओ तो ।
इस युग को नूतन स्वर तुमको ही देना है,
अपनी क्षमता को आज ज़रा अज़माओ तो ।
दे रहा चुनौती समय अभी नवयुवकों को
मैं किसी तरह मंज़िल तक पहले पहुँचूँगा ।
तुम बना सकोगे भूतल का इतिहास नया,
मैं गिरे-हुए लोगों को गले लगाऊँगा ।
क्यों ऊँच-नीच, कुल, जाति रंग का भेद-भाव ?
मैं रूढ़िवाद का कल्मष-महत ढहाऊँगा ।
जिनका जीवन वसुधा की रक्षा हेतु बना
मरकर भी सदियों तक यों ही वे जीते हैं ।
दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।
है अगर तुम्हें यह भूख-'मुझे भी जीना है'
तो आओ मेरे साथ नींव में गड़ जाओ ।
ऊपर इसके निर्मित होगा आनंद-महल
मरते-मरते भी दुनिया में कुछ कर जाओ ।

(क) 'मरकर भी सदियों तक जीना' कैसे संभव है ? स्पष्ट कीजिए । **2**

(ख) भाव स्पष्ट कीजिए : **2**

'दुनिया को देते हैं यश की रसधार विमल,
खुद हँसते-हँसते कालकूट को पीते हैं ।'

(ग) कवि को नवयुवकों से क्या-क्या अपेक्षाएँ हैं ? **2**

## खंड – ख

3. नीचे लिखे वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : **1 × 3 = 3**

(क) तताँरा को देखते ही वामीरो फूट-फूट कर रोने लगी । (मिश्र वाक्य में)

(ख) तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं । (संयुक्त वाक्य में)

(ग) जापान में चाय पीने की एक विधि है जिसे 'चा-नो-यू' कहते हैं । (सरल वाक्य में)

4. (क) निम्नलिखित शब्दों का सामासिक पद बनाकर समास के भेद का नाम भी लिखिए : **1 × 2 = 2**
   जन का आंदोलन, नीला है जो कमल

   (ख) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास के भेद का नाम लिखिए : **1 × 2 = 2**
   नवनिधि, यथासमय

5. शब्द पद कब बन जाता है ? उदाहरण देकर तर्कसंगत उत्तर दीजिए । **2**

6. निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए : **2**
   मौत सिर पर होना, चेहरा मुरझा जाना

7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए : **1 × 4 = 4**
   (क) माताजी बाज़ार गए हैं ।
   (ख) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है ।
   (ग) मैं मेरा काम कर लूँगा ।
   (घ) अपराधी को मृत्युदंड की सजा मिलनी चाहिए ।

## खंड – ग

8. इफ़्फ़न और टोपी शुक्ला की मित्रता भारतीय समाज के लिए किस प्रकार प्रेरक है ? जीवन-मूल्यों की दृष्टि से लगभग **150** शब्दों में उत्तर दीजिए । **5**

   **अथवा**

   'हरिहर काका' कहानी के आधार पर बताइए कि एक महंत से समाज की क्या अपेक्षा होती है । उक्त कहानी में महंतों की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए । उत्तर लगभग **150** शब्दों में दीजिए ।

9. 'कर चले हम फिदा' **अथवा** 'मनुष्यता' कविता का प्रतिपाद्य लगभग **100** शब्दों मे लिखिए । **5**

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों मे लिखिए :
    (क) 'गिरगिट' पाठ में चौराहे पर खड़ा व्यक्ति ज़ोर-ज़ोर से क्यों चिल्ला रहा था ? **1**
    (ख) तताँरा-वामीरो कथा के आधार पर प्रतिपादित कीजिए कि रूढ़ियाँ बंधन बनने लगें तो उन्हें टूट जाना चाहिए । **2**
    (ग) हमारी फिल्मों में त्रासद स्थितियों का चित्रांकन 'ग्लोरीफाई' क्यों कर दिया जाता है ? 'तीसरी कसम' के शिल्पकार शैलेन्द्र के आधार पर उत्तर दीजिए । **2**

11. 'बड़े भाई साहब' कहानी के आधार पर लगभग **100** शब्दों में लिखिए कि लेखक ने समूची शिक्षा प्रणाली के किन पहलुओं पर व्यंग्य किया है ? आपके विचारों से इसका क्या समाधान हो सकता है ? तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए । **5**

    **अथवा**

    'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि बढ़ती हुई आबादी का पशुपक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? इसका समाधान क्या हो सकता है ? उत्तर लगभग **100** शब्दों में दीजिए ।

12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में लिखिए :
(क) बिहारी ने 'जगतु तपोबन सौ कियौ' क्यों कहा है ? **1**
(ख) महादेवी वर्मा की कविता में 'दीपक' और 'प्रियतम' किनके प्रतीक हैं ? **2**
(ग) 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर पर्वत के रूप-स्वरूप का चित्रण कीजिए । **2**

**खंड – घ**

13. अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग **50** शब्दों में एक विज्ञापन का आलेख तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

विद्यालय की कलावीथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध हैं । इसके लिए एक विज्ञापन लगभग **50** शब्दों में लिखिए ।

14. आप हिन्दी छात्र परिषद के सचिव प्रगण्य हैं । आगामी सांस्कृतिक संध्या के बारे में अनुभागीय दीवार पट्टिका के लिए **25-30** शब्दों में सूचना तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए । समय और स्थान का उल्लेख भी कीजिए ।

15. बस में छूट गए सामान को आपके घर तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने वाले बस कंडक्टर की प्रशंसा करते हुए उसे पुरस्कृत करने के लिए परिवहन अध्यक्ष को एक पत्र लगभग **100** शब्दों में लिखिए । **5**

**अथवा**

अपने बैंक के प्रबंधक को पत्र लिखकर अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से जोड़ने का अनुरोध कीजिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **80-100** शब्दों का अनुच्छेद लिखिए : **5**
(क) मन के हारे हार है मन के जीते जीत
- निराशा अभिशाप
- दृष्टिकोण परिवर्तन
- सकारात्मक सोच

(ख) भारतीय किसान के कष्ट
- अन्नदाता की कठिनाइयाँ
- कठोर दिनचर्या
- सुधार के उपाय

(ग) स्वच्छता आंदोलन
- क्यों
- बदलाव
- हमारा उत्तरदायित्व

17. विद्यालय में मोबाइल फोन के प्रयोग पर अध्यापक और अभिभावक के बीच लगभग **50** शब्दों में संवाद लिखिए । **5**

**अथवा**

स्वच्छता अभियान की सफलता के बारे में दो मित्रों के संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए ।

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'क'** | |
| 1 | 1 | 2 | 1 | | |
| | (क) | (क) | (घ) | • खुशी / प्रसन्नता के भाव से<br>• स्वस्थ रहने से | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ङ) | • इससे आयु बढ़ती है।<br>• बीमारियों / रोगों से दूर रहते हैं। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ख) | शोक व दुख की दीवारों को ढहाने में सक्षम होने के कारण | 2 |
| | (घ) | (घ) | (ग) | • हँसी का महत्व<br>• हँसने से आयु में वृद्धि होना; खीझने से आयु कम होना | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (क) | (अर्थपूर्ण व उचित शीर्षक स्वीकार्य) | 1 |
| 2 | 2 | 1 | 2 | | |
| | (क) | (क) | (ग) | • संकटों का हँसकर सामना करना<br>• नवयुग का निर्माण करना<br>• स्वयं की क्षमताओं को पहचानना<br>• चुनौतियों को स्वीकार करना<br>• उपेक्षित वर्ग का सहारा बनना<br>• जातिगत भेद-भाव व रूढ़ियों को समाप्त करना<br>• वसुधा की रक्षा करना<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 2 | (ख) | (ख) | (क) | • वसुधा की रक्षा करके<br>• लोक-कल्याण करके<br>• जातिगत भेदभाव, रूढ़ियों की समाप्ति के लिए अपना जीवन समर्पित करके<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ख) | जो दुनिया के कष्टों एवं चुनौतियों रूपी विष का पान करते हैं, वही दुनिया को बेहतर बनाते हैं। एक सुंदर एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण करते हैं। | 2 |
| | | | | **खंड- 'ख'** | |
| 3 | 3 | 5 | 5 | • वाक्य में प्रयुक्त होने पर शब्द पद बन जाता है।<br>शब्द - मोहन, पुस्तक, पढ़ता<br>पद - मोहन पुस्तक पढ़ता है। | 1+1=2 |
| 4 | 4 (क) | 6 (ख) | 3 (ग) | जापान में चाय पीने की एक विधि को 'चा-नो-यू' कहते हैं। | 1 |
| | (ख) | (ग) | (क) | ज्योंही / जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा त्योंही / वैसे ही वह फूट-फूट कर रोने लगी। | 1 |
| | (ग) | (क) | (ख) | तताँरा की आँखें व्याकुल थीं और वे वामीरो को ढूँढ़ने में व्यस्त थीं। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 5 | 5 (क) | 7 (ख) | 4 (क) | • जनांदोलन / जन-आंदोलन – तत्पुरुष समास<br>• नीलकमल – कर्मधारय समास | ½ +½ =1<br>½ +½ =1 |
| | (ख) | (क) | (ख) | • नव (नई) है जो निधि – कर्मधारय समास<br>या<br>नव / नौ निधियों का समूह / समाहार – द्विगु समास<br>• समय के अनुसार – अव्ययी भाव समास | ½ +½ =1<br><br><br>½ +½ =1 |
| 6 | 6 (क) | 4 (घ) | 7 (ख) | वह गुनगुने पानी से स्नान करता है।<br>या<br>वह गर्म पानी से स्नान करता है। | 1 |
| | (ख) | (ग) | (क) | माताजी बाज़ार गईं हैं। | 1 |
| | (ग) | (ख) | (घ) | अपराधी को मृत्युदंड मिलना चाहिए।<br>या<br>अपराधी को मौत की सज़ा मिलनी चाहिए। | 1 |
| | (घ) | (क) | (ग) | मैं अपना काम कर लूँगा। | 1 |
| 7 | 7 | 3 | 6 | (अर्थपूर्ण वाक्यों पर अंक अपेक्षित) | 1+1=2 |

अंक–योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड–'ग'** | |
| 8 | 8 | 11 | 10 | | |
| | (क) | (ग) | (ख) | दो भिन्न गाँवों में विवाह संबंध निषेध के कारण तातँरा–वामीरो को प्राण गँवाने पड़े और द्वीप के दो टुकड़े हो गए।<br>परिणामस्वरूप ये बंधन बन जाने वाली रूढ़ि तोड़ दी गई। | 2 |
| | (ख) | (क) | (ग) | • भावनात्मक शोषण के लिए<br>• व्यावसायिक दृष्टि से लाभ कमाने के लिए | 1+1=2 |
| | (ग) | (ख) | (क) | कुत्ते द्वारा उँगली काटे जाने के कारण | 1 |
| 9 | 9 | 12<br>अथवा | 11 | • रटंत विद्या पर बल<br>• परीक्षा पास करना ही योग्यता का आधार मानना<br>• केवल पुस्तकीय ज्ञान पर बल<br>• तार्किक एवं स्वतंत्र चिंतन का अभाव<br>• समुचित मूल्यांकन का अभाव<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>समाधान – (छात्रों द्वारा दिए गए उपयुक्त सुझाव स्वीकार्य) | 3+2=5 |
| | अथवा | 12 | अथवा | प्रभाव –<br>• जीव–जंतुओं का आश्रय छिन जाना<br>• विभिन्न प्रजातियों का लुप्त होना | |

अंक–योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • मनुष्य का डिब्बे जैसे घरों में बँधकर रह जाना<br>• प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की अंधी दौड़, लालच बढ़ना<br>• प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा होना<br>• बढ़ते प्रदूषण के कारण नित नए रोगों से ग्रस्त होना<br>• संवेदनहीनता व स्वार्थपरता में वृद्धि होना<br>(किन्हीं तीन बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित)<br>समाधान – (छात्रों द्वारा दिए गए उपयुक्त सुझाव स्वीकार्य) | 3+2=5 |
| 10 | 10 (क) | 8 (ग) | 12 (ख) | दीपक – आस्था / आत्मा / प्रेम<br>प्रियतम – ईश्वर / परमात्मा | 1+1=2 |
| | (ख) | (क) | (ग) | • पर्वतों का विशाल आकार तथा मेखलाकार / गोलाकार होना<br>• असंख्य पुष्पों से सुसज्जित होना | 1+1=2 |
| | (ग) | (ख) | (क) | प्रचंड गर्मी से व्याकुल जीव–जंतुओं का आपसी शत्रुता भुलाकर एक जगह शांतिपूर्वक रहने के कारण | 1 |
| 11 | 11 | 9 | 9 | • भारत–चीन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित गीत<br>• वीर सैनिकों के हृदय के भावों की अभिव्यक्ति<br>• सैनिकों को अपने कार्यों पर गौरव की अनुभूति<br>• देश को सुरक्षित रखने का संकल्प | |

अंक-योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • देश की सुरक्षा का दायित्व नई पीढ़ी को सौंपना<br>• अन्य सैनिकों व देशवासियों से देश की आन-बान-शान की रक्षा करने की अपेक्षा<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं को उल्लेख अपेक्षित) | 5 |
| | अथवा | अथवा | अथवा | • मनुष्य होने के लिए मानवीय गुण आवश्यक<br>• प्रेम, एकता, दया, करुणा, परोपकार, सहानुभूति व उदारता का संदेश<br>• दधीचि, कर्ण, रंतिदेव, महात्मा बुद्ध आदि का उदाहरण देकर दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा<br>• अहंकार की भावना का त्याग<br>• मनुष्य-मात्र को बंधु मानते हुए परस्पर सहयोग की भावना<br>• एकमत होकर आगे बढ़ना<br>(किन्हीं पाँच बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 5 |
| 12 | 12 | 10<br>अथवा | 8 | • मित्रता में जाति व धर्म के बंधन का न होना<br>• सामाजिक सौहार्द्र में सहायक होना<br>• भाषा और संस्कृति को जोड़ने में सहायक होना<br>• मित्रता का परिवारिक व सामाजिक स्तर-भेद से परे होना<br>(छात्रों द्वारा दिए गए जीवन-मूल्य संबंधी अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य) | 5 |
| | अथवा | 10 | अथवा | <u>महंतों से अपेक्षा</u><br>• धर्म की सही शिक्षा दें | |

अंक–योजना मार्च, 2018
प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | • भटके हुए लोगों को सही मार्ग दिखाएँ<br>• लोगों में सद्गुणों का विकास करें<br>• धर्मानुसार उचित आचरण करें<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) 2 अंक<br>टिप्पणी – (उपयुक्त टिप्पणी स्वीकार्य) 3 अंक | 2+3=5 |
| | | | | **खंड – 'घ'** | |
| 13 | 13 | 17 | 16 | अनुच्छेद–लेखन<br>• विषयवस्तु – 3<br>• प्रस्तुति – 1<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 14 | 14 | 16 | 15 | पत्र–लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 15 | 15 | 13 | 14 | सूचना–लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |

अंक–योजना मार्च, 2018

प्रश्न पत्र 4/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'ब') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 16 | 16 | 14 | 17 | संवाद–लेखन<br>• प्रस्तुति – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 17 | 17 | 15 | 13 | विज्ञापन–लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – 1 | 5 |